
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंकः 122 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**नए लोगों को मौका देने वाली पार्टी



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 15 जून 2019



मौसम अधिकतम 42.0° न्यूनतम 25.0°

39452.07

2 मोदी और इमरान में दुआ सलाम भी नहीं

7 टूर्नामेंट भारत में शिफ्ट करोंः अमिताभ

# ममता बनर्जी ने खेला 'बांग्ला कार्ड'

## हड़ताली डॉक्टर्स ने 6 शर्तों के साथ उठाई ममता की माफी की मांग

■बंगाल में रहते हैं तो बांग्ला बोलनी होगीः ममता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। डॉक्टरों की हड़ताल से घिरीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर हमला बोलने के लिए बांग्ला कार्ड खेला। बाहरी लोगों के बहाने बीजेपी पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि अगर आप बंगाल में हैं तो आपको बांग्ला बोलनी होगी। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे अपराधियों को बर्दाश्ध्त नहीं करुंगी जो बंगाल में रहते हैं और बाइक पर घूमते हैं।

उत्तर 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस की रैली को संबोधित करते हुए ममता ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हमें बांग्ला को आगे लाना होगा। जब मैं बिहार, यूपी, पंजाब जाती हूं तो वहां की भाषा बोलती हूं। अगर आप पश्चिम बंगाल में रहते हैं तो आपको बांग्ला बोलना ही होगी। मैं ऐसे अपराधियों को बर्दाश्त नहीं करूंगी जो बंगाल में रहते हैं और बाइकों पर इधर–उधर घूमते हैं।

वहीं, डॉक्टरों के खिलाफ हुई हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार चौतरफा घिरती नजर आ रही है। कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज में दो जूनियर डॉक्टरों पर हमला होने के बाद पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टर मंगलवार से हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को डॉक्टरों की इस हड़ताल को देशभर के डॉक्टरों का समर्थन मिला। इस बीच कलकत्ता हाई कोर्ट ने ममता सरकार को कड़ी फटकार लगाई है।

हाई कोर्ट ने ममता सरकार को डॉक्टरों से बातचीत करने का आदेश देते हुए कहा, श्राज्य सरकार कोर्ट को बताए कि उसने डॉक्टरों में सुरक्षा का भरोसा जगाने के लिए अब तक क्या किया है।



### आईएमए ने अमित शाह को लिखा पत्र

नई दिल्ली/कोलकाता । नाराज डॉक्टर्स ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बिना शर्त माफी की मांग की है। हड़ताल कर रहे डॉक्टरों ने काम पर लौटने के लिए 6 शर्तें रखी हैं, जिनमें ममता बनर्जी की माफी भी शामिल है। पश्चिम बंगाल में 4 दिन से हड़ताल कर रहे डॉक्टर्स ने कहा, हम सीएम ममता बनर्जी से उनके गुरुवार के भाषण के लिए बिना शर्त माफी चाहते हैं। वहीं इंडियन मेडिकल कॉलेज ने भी गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की है। इस बीच हड़ताली डॉक्टरों के समर्थन में इस्तीफा देने वाले डॉक्टरों की संख्या 119 हो गई है।

### डॉक्टरों की हड़ताल को प्रतिष्ठा का सवाल न बनाएं

कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में जहां पूरी मेडिकल बिरादरी उनके साथ आगे आ गई और हड़ताल व्यापक रूप लेता जा रहा है वहीं अब केंद्रीय हेल्थ मिनिस्टर हर्षवर्धन ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से अनुरोध किया है वह इस संवेदनशील मसले को अपनी प्रतिष्ठा का मुद्दा न बनाएं। हर्षवर्धन ने साथ ही कहा कि हमारी सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने डॉक्टरों से अपील की कि वे प्रतीकात्मक विरोध के साथ कर्तव्य निर्वाहन करें। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर होने के नाते मैं आपकी परेशानी को बखूबी समझता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरायकेला में नक्सली हमला, 5 जवान शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सरायकेला। झारखंड के सरायकेला में नक्सली हमले में पांच पुलिसकर्मी शहीद हो गए हैं। नक्सलियों ने यह हमला उस वक्त किया जब पुलिस टीम गश्त करके लौट रही थी। वारदात को अंजाम देने के बाद नक्सली, पुलिस टीम के हथियारों के साथ फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह वारदात शुक्रवार को सरायकेला के तिरूलडीह थानाक्षेत्र में हुई। नक्सलियों ने पुलिस की गाड़ी पर फायरिंग की। पुलिस की टीम गश्त कर लौट रही थी, जब पहले से ही घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने घेरकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कुछ नक्सलियों को भी गोली लगने की जानकारी मिली है।

### चमकी बुखारः बिहार में अब तक कुल 62 बच्चों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार यानी एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम (एसईएस) से मरनेवालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अब तक इस बुखार के चलते कुल 62 बच्चों की मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज में 52 और केजरीवाल अस्पताल में कुल 10 मरीज इस बीमारी के चलते अपनी जान गंवा चुके हैं। मौतों के कारणों की जांच के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम मुजफ्फरपुर में है।

### चक्रवाती तूफान 'वायु' से गुजरात को अब और खतरा नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने शुक्रवार को कहा कि चक्रवाती तूफान 'वायु' से राज्य को अब और खतरा नहीं है क्योंकि इसने पश्चिम दिशा की ओर रुख कर लिया है। गांधीनगर में शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद रुपाणी ने प्रशासन को सुरक्षित जगह पर भेजे गए करीब 2.75 लाख लोगों को उनके अपने–अपने घर वापस भेजने का निर्देश दिया।

## भारतीय भाषाओं में देने होंगे फिल्म और सीरियल के नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सीरियल और फिल्मों को लेकर नया आदेश जारी किया है। आईबी मिनिस्टर प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से टीवी चैनल्स को ऑर्डर जारी किया जा रहा है जिसके मुताबिक अब शो के टाइटल व क्रेडिट्स को भारतीय भाषाओं में दिखाना होगा। यानी जिस भाषा में सीरियल को दिखाया जाता है, उसी में उसके टाइटल व क्रेडिट्स को स्क्रीन पर दिखाया जाए। उन्होंने कहा कि यही आदेश सिनेमा के लिए भी जारी किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि इस आदेश को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।

# एससीओ घोषणापत्र में आतंकवाद को किया शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

किर्गिस्तान। भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन के सभी सदस्य देशों की तरफ से घोषणापत्र जारी किया गया है, जिसमें आतंकवाद को भी मुद्दा बनाया गया है। भारत की तरफ से बार–बार उठाए जाने वाले सीमा पार आतंकवाद को भी इस घोषणा पत्र में जगह दी गई है। इससे पहले पीएम मोदी ने समिट में अपने बयान में आतंक को मदद पहुंचाने वाले देशों को जिम्मेदार ठहराने की बात कही है।

### सभी सदस्य देशों ने आतंक के खिलाफ दिया बयान

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, सभी सदस्य देशों ने आम सहमति से आतंक के खिलाफ बयान दिया है। यह सभी सदस्य देशों की तरफ से जारी घोषणापत्र में शामिल है। यह सभी देशों की तरफ से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संकेत है।

बता दें कि पीएम मोदी ने एससीओ समिट में आतंकवाद के खिलाफ जोरदार वार किया है। उन्होंने सदस्य देशों से आतंकवाद को समर्थन देने वाले राष्ट्रों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। साफ है कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले राष्ट्रों की बात कर पीएम मोदी ने अप्रत्यक्ष तौर पर पाकिस्तान को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, आतंकवाद को समर्थन, प्रोत्साहन और आर्थिक मदद देने वाले राष्ट्रों को जिम्मेदार ठहराना जरूरी है। एससीओ सदस्यों को आतंकवाद के सफाये के लिए एक साथ आकर काम करना चाहिए।



### मोदी-रोहानी मुलाकात रद्द

बिश्केक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईरान के राष्ट्रपति हसन रोहानी के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठक रद्द हो गई है। उनकी यह मुलाकात बिश्केक में एससीओ मीटिंग से इतर होने वाली थी। उनकी यह मुलाकात समय के अभाव के कारण नहीं हो रही है। सूत्रों ने बताया, श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति हसन रोहानी की किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाली बैठक रद्द हो गई है। आधिकारिक भोज में देरी के कारण दोनों नेताओं के शेड्यूल प्रभावित हुआ है।

# मार दिए गए चंपा-चमेली और बादल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गोरखपुर। ग्लैंडर्स एंड फारसी जैसी जानलेवा बीमारी से संक्रमित तीन घोड़ों को गुरुवार को दर्द रहित मौत दे दी गई। इस बीमारी को इंसानों के लिए बेहद खतरनाक बताते हुए पशुपालन विभाग ने जिलाधिकारी को रिपोर्ट दी थी, जिस पर डीएम ने घोड़ों को इच्छामृत्यु देने की इजाजत दी। पशुपालक को विभाग की तरफ से तीनों घोड़ों के एवज में 75 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

घीसापुर खजुरगांवा के पशुपालक राजेश मौर्य की दो घोड़ी चंपा–चमेली और एक घोड़ा बादल कुछ समय से बीमार थे। पशु चिकित्सकों की जांच में ग्लैंडर्स एंड फारसी का लक्षण मिला तो घोड़ों का ब्लड सैंपल जांच के लिए हिसार स्थित भारतीय अश्व अनुसंधान केंद्र भेज दिया गया। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर इसकी पुष्टि के लिए ब्लड सैंपल को दोबारा हिसार भेजा गया। इस बार भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई तो घोड़ों को इच्छामृत्यु देने का निर्णय लिया गया। पशुपालन विभाग ने डीएम को इसकी रिपोर्ट भेजी, जिस पर उन्होंने अपनी सहमति दे दी।

### इच्छामृत्यु

डीएम ने दी इच्छामृत्यु की इजाजत

#### इंसानों के लिए खतरनाक है बीमारी

उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जीके शुक्ला ने बताया कि ग्लैंडर्स एंड फारसी एक संक्रामक एवं जुनोटिक (जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली) बीमारी है। यह रोग लाइलाज है। इससे ग्रस्त घोड़ों के जिंदा रहने से आसपास के मनुष्यों में भी लाइलाज बीमारी के होने का खतरा बना रहता है। इस में मृत्यु शत–प्रतिशत सुनिश्चित है।

#### टीम की देखरेख में दी गई इच्छामृत्यु

उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. जीके शुक्ला के नेतृत्व में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हरेंद्र प्रकाश चौरसिया, डॉ. उपेंद्र शर्मा व डॉ. सुनील कुमार सिंह गुरुवार को घीसापुर पहुंचे और घोड़ों को मारने के लिए मालिक राजेश मौर्य से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराया। कैम्पियरगंज विद्युत उपकेंद्र के पास वन क्षेत्र में घोड़ों को ले जाकर इंजेक्शन से यूथेलाइज किया गया। इसके बाद जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर उसमें चूना–नमक डालकर घोड़ों को दफन कर दिया गया।

# अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाने के फैसले पर भारत अडिग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सरकार ने बादाम, अखरोट और दालों समेत 29 अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी आयात शुल्क लगाने के फैसले पर आगे बढ़ने का फैसला किया है। इससे पहले सरकार इसे लागू करने की समयसीमा को कई बार बढ़ा चुकी है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वित्त मंत्रालय बहुत जल्द इस बारे में अधिसूचना जारी करेगा।

पिछले साल मई में मंत्रालय ने इन अमेरिकी वस्तुओं पर ऊंचा शुल्क लगाने की समयसीमा को बढ़ाकर 16 जून कर दिया था। जून, 2018 के बाद से इस समयसीमा को कई बार आगे खिसकाया जा चुका है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in